15/07/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कल बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन के अन्य सदस्यों के साथ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, डॉ. जयशंकर ने बताया कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति को भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के हालिया घटनाक्रमों से अवगत कराया।

0000000000000000000000

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य चालक दल के सदस्य अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 18 दिवसीय ऐतिहासिक मिशन के बाद सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आए है। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान आज दोपहर कैलिफ़ोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में उतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी की सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि वह ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौटने पर पूरे देश के साथ उनका स्वागत करते हैं।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ आज ईटानगर में कॉनफ़ेडेरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा **'अरुणाचल प्रदेश में कौशल विकास और उद्यमिता क्षमता का लाभ उठाने'**पर एक प्रस्तुति में भाग लिया।

इस आवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रशिक्षण, उद्यमिता और उद्योग से जुड़े कौशल विकास के माध्यम से हमारे युवाओं को सशक्त बनाना विकसित अरुणाचल की नींव रख रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सीआईआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी न केवल राज्य के युवाओं को कौशल से लैस करेगी बल्कि राज्य की विकास यात्रा में उनकी सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार हरित निवेश पर केंद्रित है जो आर्थिक विकास को सक्षम करते हुए राज्य के समृद्ध प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करता है।

0000000000000000000000

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने आज ईटानगर स्थित सीएम कॉन्फ्रेस हॉल में संयुक्त रूप से **'मिस्टिक अरुणाचल - टेल्स फ्रॉम इंडियाज़ हिडन फ्रंटियर'** नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक मेजर राहुल झा, सेना मेडल हैं, जो वर्तमान में राज्यपाल के एडीसी के रूप में कार्यरत हैं। यह पुस्तक काल्पनिक कथाओं का एक संग्रह है, जो अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय समुदायों की सच्ची घटनाओं, ऑरल ट्रेडिशन्स और वाईब्रेंट कलचर से प्रेरित है।

0000000000000000000000

मिसिंग समुदाय संगठनों द्वारा अनिश्चितकालीन नाकेबंदी के जवाब में, अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने आज एक प्रेस वार्ता आयोजित कर जाँच की जानकारी दी। पुलिस ने ज़ोर देकर कहा कि दोनों मामलों को तत्परता और गंभीरता से लिया जा रहा है।

पुलिस ने आश्वासन दिया है कि बाहरी मज़दूरों, खासकर असम से आने वाले मज़दूरों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी ज़िले के एसपी को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार पीड़ित मुआवज़ा योजना के तहत पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए कदम भी उठा रही है। इस बीच, पुलिस ने जनता से शांति बनाए रखने और कानून अपने हाथ में न लेने की अपील की है।

0000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के फ़िज़िकल एजूकेशन विभाग के डीन, प्रो. शंभू प्रसाद को भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा कल से जर्मनी में आयोजित होने वाले FISU वर्ल्ड युनिवर्सिटी गेम्स 2025 के लिए भारतीय विश्वविद्यालय एथलेटिक्स टीम के अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में, प्रो. प्रसाद भारतीय दल के मैनेजमेंट एवं कॉर्डिनेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनका नामांकन न केवल राजीव गांधी विश्वविद्यालय के लिए, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

0000000000000000000000

तवांग उपायुक्त नामग्याल आंग्मो की अध्यक्षत में आज तवांग विधानसभा क्षेत्र के सुपर्वाइजर्स और बूथ लेवेल ऑफ़िसर्स के लिए एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डीसी कॉफ्रेंस हॉल में सफलतापूर्वक किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान किए गए नवीनतम दिशानिर्देशों और डिजिटल उपकरणों के अनुरूप चुनाव तंत्र को मजबूत बनाना और बीएलओ की क्षमता में वृद्धि करना था।

0000000000000000000000

तवांग उपायुक्त नामग्याल अंगमो ने आज पर्यटन क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों के साथ एक बैठक की जिसका उद्देश्य तवांग के पर्यटन स्थलों की स्थिरता और संरक्षण सुनिश्चित करते हुए, जिले में आने वाले पर्यटकों की बढ़ती संख्या को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने हेतु प्रभावी रणनीतियों पर विचार करना था। चर्चा का एक प्रमुख प्रस्ताव तवांग के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के लिए एक टिकट प्रणाली शुरू करना था।

0000000000000000000000

अपर सियांग उपायुक्त तालो जेरांग द्वारा कल नारकोटिक्स समन्वय बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठके में उन्होंने संबंधित विभागों द्वारा शुरू की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की और सभी सदस्यों से नशा विरोधी अभियान को गंभीरता से लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, जिला प्रशासन द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, यिंगकिओंग के सहयोग से **"रिवाइव - अ सेकंड चांस"** नामक एक शॉर्ट एवेर्नेस फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 9 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, करुंग कुमे, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, अंजाव और चांगलांग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की सभावना है।

0000000000000000000000